

Central Board of Secondary Education

# Question Paper 2016

[Official]

By

AglaSem

www.schools.aglasem.com

AglaSem Schools

**SET – 1**

**Series : ONS/2**

**कोड नं.**
**Code No. 59/2/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***एक*** *अंक का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***6 – 10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***दो*** *अंकों का हैं । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***11 – 16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***चार*** *अंकों का हैं । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***पाँच*** *अंकों का हैं । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

(vi) *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

(vii) *प्रश्न संख्या **22** से **27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का हैं । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii) Questions number **1 – 5** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii) Questions number **6 – 10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv) Questions number **11 – 16** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v) Questions number **17 – 21** are of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi) Question number **21** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii) Questions number **22 – 27** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

1. गोर्बाचेव ने निम्नलिखित में से किस सुधार के लिए वायदा नहीं किया था ? **1**

(a) प्रशासनिक ढाँचे में ढील देना ।

(b) पश्चिम की बराबरी पर लाना ।

(c) अर्थ-व्यवस्था को सुधारना ।

(d) सरकार पर कठोर नियंत्रण बनाए रखना ।

Gorbachev did not promise to reform which one of the following ?

(a) To loosen the administrative system.

(b) To catch up with the west.

(c) To reform the economy.

(d) To maintain a strict control over the government.

2. 'आसियान शैली' से क्या अभिप्राय है ? **1**

What does 'ASEAN Way' imply ?



http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

3. "भूमि की हानि का अर्थ है, आर्थिक संसाधनों के एक आधार की हानि ।" मूलवासियों के दृष्टिकोण के आधार पर इस कथन की व्याख्या कीजिए । **1**

"The loss of land means the loss of an economic resource base." Interpret the statement from the indigenous people's point of view.

4. गुट-निरपेक्षता की नीति का पालन करने के बावजूद, भारत ने 1971 में सोवियत संघ के साथ शांति तथा मित्रता की 20 वर्षीय संधि क्यों की ? **1**

Inspite of following a policy of Non-alignment, why did India sign 20 year Treaty of peace and friendship with the Soviet Union in 1971 ?

5. ताड़ी-विरोधी आंदोलन को ग्रामीण आँचल में एक भिन्न प्रकार का एकजुट करने का तरीका क्यों मानते हैं ? **1**

Why is Anti-Arrack Movement called an altogether different kind of mobilization in the rural areas ?

6. द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात्, शीत युद्ध के हालात पैदा करने वाले किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । **2 × 1 = 2**

Mention any two reasons for the emergence of a Cold War situation after the Second World War.

7. उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने भारतीय साम्यवादी दल को 1964 में विभाजन के लिए विवश किया था । **2**

Analyse the circumstances that compelled the Communist Party of India to go for a split in 1964.

8. निम्नलिखित में मेल करें : **4 × ½ = 2**

| **(A)** (क्षेत्रीय आकांक्षाओं की प्रकृति) | **(B)** (राज्य) |
|---|---|
| (a) सामाजिक-धार्मिक पहचान के आधार पर राज्य निर्माण | (i) मिज़ोरम |
| (b) भाषायी पहचान और केंद्र के साथ तनाव | (ii) झारखंड |
| (c) क्षेत्रीय असंतुलन के फलस्वरूप राज्य के निर्माण की माँग | (iii) पंजाब |
| (d) आदिवासी पहचान के आधार पर अलगाववादी माँग | (iv) तमिलनाडु |

http://schools.aglasem.com/

Match the following in a meaningful way :

| | (A) (Nature of regional aspirations) | | (B) (States) |
|---|---|---|---|
| (a) | Socio-religious identity leading to statehood. | (i) | Mizoram |
| (b) | Linguistic identity and tension with centre. | (ii) | Jharkhand |
| (c) | Regional imbalance leading to demand for statehood. | (iii) | Punjab |
| (d) | Secessionist demands on account of tribal identity. | (iv) | Tamil Nadu |

9. पंजाब में शांति स्थापना की दिशा में एक कदम के रूप में, राजीव गांधी – लोंगोवाल समझौते का आकलन कीजिए । **2**

Assess the Rajiv Gandhi – Longowal Accord as a step towards bringing normalcy to Punjab.

10. यह क्यों कहा जाता है कि नगालैंड की कहानी मिज़ोरम की कहानी से मिलती-जुलती है ? **2**

Why is it said that the story of Nagaland is similar to that of Mizoram ?

11. भारत और चीन के बीच 1962 के युद्ध के किन्हीं चार दूरगामी परिणामों का वर्णन कीजिए । **4 × 1 = 4**

Describe any four long term implications of the conflict of 1962 between India and China.

12. आई.ए.ई.ए. (IAEA) का विस्तृत रूप क्या है ? इसकी स्थापना कब हुई थी ? इसके दो प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । **1 + 1 + 2 = 4**

What does IAEA stand for ? When was it established ? Mention its two major objectives.

13. ऐसे चार पर्यावरण संबंधी मुद्दों को उजागर कीजिए जो समकालीन विश्व राजनीति के दायरे में आते हैं । **4 × 1 = 4**

Highlight any four environmental concerns which fall within the scope of contemporary world politics.

14. भारत में मतदान करने का तरीका आज तक समय-समय पर कैसे बदलता रहा ? स्पष्ट कीजिए । **4**

How did the methods of voting in India go on changing from time to time till day ? Explain.



http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

15. भारत में सरकारी नियंत्रण वाले आर्थिक विकास के महत्त्व में कमी के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का परीक्षण कीजिए । **4**

Examine the circumstances responsible for reducing the salience of State-led economic development in India.

16. जनवरी 1980 में जनता सरकार के पतन तथा लोक सभा के लिए नये सिरे से चुनाव करवाने के लिए कौन उत्तरदायी था ? उन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए । **4**

What led to the downfall of the Janata Government and holding of fresh Lok Sabha elections in January, 1980 ? Explain the circumstances.

17. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 1 + 1 + 2 = 5**

भारत को रूस के साथ अपने संबंधों के कारण कश्मीर, ऊर्जा-आपूर्ति, अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान, मध्य एशिया में पहुँच बनाने तथा चीन के साथ अपने संबंधों में संतुलन लाने जैसे मसलों में फायदे हुए हैं । रूस को इस संबंध से सबसे बड़ा फायदा यह है कि भारत रूस के लिए हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा खरीददार देश है । भारतीय सेना को अधिकांश सैनिक साजो-सामान रूस से प्राप्त होते हैं । चूँकि भारत तेल के आयातक देशों में से एक है इसलिए भी भारत रूस के लिए महत्त्वपूर्ण है । उसने तेल के संकट की घड़ी में हमेशा भारत की मदद की है । भारत रूस से अपने ऊर्जा-आयात को भी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है । ऐसी कोशिश कज़ाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ भी चल रही है । इन गणराज्यों के साथ सहयोग के अंतर्गत तेल वाले इलाकों में साझेदारी और निवेश करना भी शामिल है । रूस भारत की परमाण्विक योजना के लिए भी महत्त्वपूर्ण है । रूस ने भारत के अंतरिक्ष उद्योग में भी जरुरत पड़ने पर सहायता की ।

(i) रूस ने कश्मीर के मसले पर भारत की सहायता कैसे की ?

(ii) भारत और रूस के बीच अच्छे सम्बन्धों ने, चीन के साथ सम्बन्धों में संतुलन बनाए रखने के लिए, भारत की सहायता किस प्रकार की ?

(iii) भारत के अंतरिक्ष उद्योग में रूस ने किस प्रकार सहायता की ?

(iv) भारत और रूस किस प्रकार एक दूसरे को लाभ पहुँचाते हैं ? दोनों ओर से एक-एक उदाहरण दीजिए ।

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

India stands to benefit from its relationship with Russia on issues like Kashmir, energy supplies, sharing information on international terrorism, access to Central



http://schools.aglasem.com/

Asia and balancing its relations with China. Russia stands to benefit from this relationship because India is the second largest arms market for Russia. The Indian military gets most of its hardware from Russia. Since India is an oil importing nation, India is important to Russia and has repeatedly come to the assistance of India during its oil crises. India is seeking to increase its energy imports from Russia and the republics of Kazakhstan and Turkmenistan. Cooperation with these republics includes partnership and investment in oilfields. Russia is important for India's nuclear energy plans and assisted India's space industry also.

(i) How did Russia help India on Kashmir issue ?

(ii) How do good relations with Russia help India to balance its relations with China ?

(iii) In what way did Russia help the space industry of India ?

(iv) How did India and Russia get benefitted from each other ? Give one example from each side.

18. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

भारत में वैश्वीकरण का विरोध कई हलकों से हो रहा है । आर्थिक वैश्वीकरण के ख़िलाफ वामपंथी तेवर की आवाजें राजनीतिक दलों की तरफ से उठी हैं तो इंडियन सोशल फोरम जैसे मंचों से भी । औद्योगिक श्रमिक और किसानों के संगठनों ने बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रवेश का विरोध किया है । कुछ वनस्पतियों मसलन 'नीम' को अमरीकी और यूरोपीय फर्मों ने पेटेन्ट कराने के प्रयास किए । इसका भी कड़ा विरोध हुआ ।

(i) भारत के किन्हीं दो वामपंथी राजनैतिक दलों के नाम लिखिए ।

(ii) किसान तथा श्रमिक संघों ने, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत आगमन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन क्यों किए ?

(iii) अमरीकी फर्मों द्वारा नीम वृक्ष को पेटेंट कराने के कारण भारत में विरोध कैसे पैदा हुआ ?

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Resistance to globalization in India has come from different quarters. There have been left wing protests to economic liberalization voiced through political parties as well as through forums like the Indian Social Forum. Trade unions of industrial workforce as well as those representing farmer interests have organized protests against the entry of multinationals. The patenting of certain plants like *Neem* by American and European firms has also generated considerable opposition.

(i) Name any two left wing political parties of India.

(ii) Why did the unions of workers and the farmers organize protests against the entry of multinationals ?

(iii) How did the patenting of the Neem tree by the Americans generate opposition in India ?

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

19. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

जिस तरह किसी व्यक्ति या परिवार के व्यवहारों को अंदरूनी और बाहरी कारक निर्देशित करते हैं, उसी तरह एक देश की विदेश नीति पर भी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय वातावरण का असर पड़ता है । विकासशील देशों के पास अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के भीतर अपने सरोकारों को पूरा करने के लिए जरूरी संसाधनों का अभाव होता है । इसके चलते वे बढ़े-चढ़े देशों की अपेक्षा बड़े सीधे-सादे लक्ष्यों को लेकर अपनी विदेश नीति तय करते हैं । ऐसे देशों का ज़ोर इस बात पर होता है कि उनके पड़ोस में अमन-चैन कायम रहे और विकास होता रहे । इसके अतिरिक्त, विकासशील देश आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से ज्यादा ताकतवर देशों पर निर्भर होते हैं । इस निर्भरता का भी उनकी विदेश नीति पर जब-तब असर पड़ता है । दूसरे विश्वयुद्ध के तुरंत बाद के दौर में अनेक विकासशील देशों ने ताकतवर देशों की मर्जी को ध्यान में रखकर अपनी विदेश नीति अपनाई क्योंकि इन देशों से इन्हें अनुदान अथवा कर्ज मिल रहा था । इस वजह से दुनिया के विभिन्न देश दो खेमों में बँट गए ।

(i) भारत की विदेश नीति को प्रभावित करने वाले घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय वातावरण का एक-एक उदाहरण दीजिए ।

(ii) विकासशील देशों का ध्यान अपने पड़ोस में शांति तथा विकास पर अधिक क्यों होता है ?

(iii) उन दो बड़े खेमों के नाम लिखिए जिनमें विश्व बँटा हुआ था ।

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Just as both internal and external factors guide the behaviour of an individual or a family, both domestic and international environment influence the foreign policy of a nation. The developing countries lack the required resources to effectively advocate their concerns in the international system. So, they pursue more modest goals than the advanced states. They focus more on peace and development in their own neighbourhood. Moreover, their economic and security dependence on the more powerful states occasionally influences their foreign policy. In the period immediately after the Second World War, many developing nations chose to support the foreign policy preferences of the powerful countries, who were giving them aid or credits. This resulted in the division of countries of the world into two clear camps.

(i) Give one example each of the domestic as well as international environment that has influenced the foreign policy of India.

(ii) Why do the developing countries focus more on peace and development in their own neighbourhood ?

(iii) Mention the two super blocs the world was divided into.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

20.




ऊपर दिए गए सचित्र समाचारों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**1 + 2 + 2 = 5**

(i) विरोध प्रदर्शनों को भड़काने वाले प्रमुख मुद्दे की पहचान कीजिए ।

(ii) राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने मुद्दे के पक्ष अथवा विरोध में क्या निर्णय लिया ?

(iii) राष्ट्रीय मोर्चे के गठबंधन के अन्य सदस्यों ने इस फैसले पर क्या प्रतिक्रिया दर्शायी ?

Study the above newspaper illustration carefully and answer the following questions :

(i) Identify the main issue that sparked off the agitation.

(ii) What did the National Front Government decide in favour of or against the issue ?

(iii) How did the coalition partners in the National Front react to this decision ?

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर है । **2 + 2 + 1 = 5**

20.1. अन्य पिछड़े वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के पीछे क्या औचित्य है ?

20.2. मंडल आयोग की स्थापना क्यों की गयी थी ?

20.3. राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार का प्रधानमंत्री कौन था ?

**Note :** This following questions are for the **Visually impaired** candidates only in lieu of question No. **20**.

20.1 What was the rationale behind giving adequate representation to Other Backward Classes ?


20.2 Why was the Mandal Commission setup ?

20.3 Who was the Prime Minister of the National Front Government ?

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

21.




दिए गए दक्षिण एशिया के रेखा-मानचित्र में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए । **5 × 1 = 5**

| **प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या** | **संबंधित अक्षर** | **देश का नाम** |
|---|---|---|
| | | |

(i) इस देश के नागरिक बिना वीज़ा या परमिट के नेपाल जाकर व्यापार कर सकते हैं ।

(ii) इस देश ने 1960 में भारत के साथ सिंधु जल संधि की थी ।

(iii) विकासशील देशों में से एक जिसने सफलतापूर्वक जनसंख्या वृद्धि की दर को नियंत्रण में रखा ।

(iv) शाही फौजें, लोकतंत्र के पक्षधर तथा माओवादी शक्तियों के तिकोने संघर्ष से गुज़रने वाला देश ।

(v) द्वीप राष्ट्र जो 1968 तक एक सल्तनत था ।

http://schools.aglasem.com/

In the given outline map of South Asia, five countries are marked as (A), (B), (C), (D) and (E). Identify them on the basis of information given below and write their correct names in your answer book with the respective serial number of the information used and the alphabet concerned as per the following format :

| Serial No. of the information used | Alphabet concerned | Name of the Country |
|---|---|---|
| | | |

(i) The citizens of this country can travel to Nepal and work there without any visa or permit.

(ii) This country signed the Indus Water Treaty with India in 1960.

(iii) One of the first developing countries to successfully control the rate of growth of population.

(iv) The country that faced a triangular conflict among the monarchist forces, the democrats and the Maoists.

(v) Island nation which was a Sultanate till 1968 ?

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर है । **5 × 1 = 5**

21.1. दक्षिण एशिया के किस देश में आज भी राजतंत्र है ?

21.2. श्रीलंका के बहुसंख्यक समुदाय का नाम लिखिए ।

21.3. किस दक्षिण एशियाई देश ने संसदीय प्रणाली छोड़ कर अध्यक्षात्मक प्रणाली अपनाई ?

21.4 भूटान के लिए विकास कार्यों में सर्वाधिक सहायता करने वाला देश कौन सा है ?

21.5 2006 में किस देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई थी ?

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired** candidates only in lieu of Q. No. **21**.

21.1 Which country of South Asia is still being ruled by a monarch ?

21.2 Name the majority community of Sri Lanka.

21.3 Which country of South Asia shifted from the Parliamentary form of Government to Presidential form of Government ?

21.4 Which country is the biggest source of developmental aid to Bhutan ?

21.5 In which country did restoration of democracy take place in 2006 ?

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

22. गुट-निरपेक्ष आंदोलन के एक नेता होने के नाते, शीत युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की व्याख्या कीजिए । 6

**अथवा**

सोवियत संघ के विघटन ने किन तीन तरह से विश्व राजनीति को प्रभावित किया ? व्याख्या कीजिए । **3 × 2 = 6**

As a leader of Non-Aligned Movement (NAM), explain India's role during the Cold War.

**OR**

In what three ways did the collapse of the Soviet Union affect the world politics ? Explain.

23. अमरीकी वर्चस्व के रास्ते में आने वाले सबसे बड़े तीन अवरोधों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

चीन की अर्थ-व्यवस्था के उत्थान के लिए उत्तरदायी तीन प्रमुख कारकों का आकलन कीजिए । **3 × 2 = 6**

Analyse the biggest three constraints that operate on American hegemony.

**OR**

Assess the three major factors responsible for the rise of the Chinese economy.

24. संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों को सूचीबद्ध कीजिए तथा उनमें से किन्हीं दो के कार्यों का वर्णन कीजिए । **2 + 4 = 6**

**अथवा**

सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा के अंतर्गत खतरे के नये स्रोतों के रूप में अप्रवासी और शरणार्थियों तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी महामारियों का वर्णन कीजिए । **3 + 3 = 6**

List the principal organs of the United Nations and describe the functions of any two of them.

**OR**

Describe migration and health epidemics as the new sources of threat to the non-traditional notion of security.

25. भारत के संभावित विभाजन के संबंध में, भारत की अंतरिम सरकार तथा मुस्लिम लीग के दृष्टिकोणों में अंतर स्पष्ट कीजिए । रजवाड़ों की समस्या को हल करने के लिए भारत सरकार के समक्ष चर्चा में आए तीन विचारों का परीक्षण कीजिए । **3 + 3 = 6**

**अथवा**

1960 के दशक में, देश के कई भागों में भारी खाद्यान्न संकट तथा अकाल जैसी स्थिति पैदा करने के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए । देश के किस राज्य को सबसे अधिक भुगतना पड़ा और कैसे ? स्पष्ट कीजिए । **3 + 3 = 6**

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

Distinguish between the approach of Interim Government of India and the Muslim League regarding the possible division of India. Examine the considerations that guided the Indian Government to solve the problem of Princely States.

**OR**

Analyse the circumstances which led to a severe food shortage and famine-like conditions in many parts of the country in 1960s. Which state of India suffered the most and how ? Explain.

26. 1969 में कांग्रेस पार्टी के औपचारिक विभाजन के लिए उत्तरदायी सिंडिकेट तथा इंदिरा गांधी के बीच गुटबाज़ी का विश्लेषण कीजिए । **6**

**अथवा**

1970 के दशक में, भारत में संघ सरकार तथा न्यायपालिका के बीच संघर्ष का मूल कारण बनने वाली घटनाओं का आकलन कीजिए । **6**

Analyse the factional rivalry between the Syndicate and Indira Gandhi which led to the formal split in the Congress Party in 1969.

**OR**

Assess the developments which were the root cause of the confrontation between the Union Government and the Judiciary in India in 1970s.

27. राजनीतिक दलों से स्वतंत्र आंदोलनों के विकास का वर्णन कीजिए । कई स्वयं-सेवी संस्थाओं ने दलीय राजनीति से अलग रहने का निर्णय क्यों लिया ? **3 + 3 = 6**

**अथवा**

भारत के 22वें राज्य के रूप में सिक्किम के भारत में विलय से संबंधित ऐतिहासिक घटनाक्रम का वर्णन कीजिए । **6**

Describe the growth of non-party movements in India. Why did many voluntary organizations choose to remain outside party politics ?

**OR**

Describe historical developments related to Sikkim's merger with India as its 22nd State.

http://schools.aglasem.com/